☎ STD 05278 V.C. 246223, 246330 (O)
05278 V.C. 246224, 245209 (R)
Fax V.C. 246330(O), 245209(R)
Registrar- 245957(O), 246042(R)
F.O.- 246386(O)

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)
DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADHUNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

## हिन्दुस्तान, अयोध्या

दिनांकः 28 जुलाई, 2021 पृष्ठ संख्याः 03

# परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था का जायजा लिया

अयोध्या | प्रमुख संवाददाता

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने मुख्य परीक्षा के छठे दिन मंगलवार को प्रथम पाली में अयोध्या के दो परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया। साकेत पीजी कॉलेज में निरीक्षण करते समय कुलपति प्रो. सिंह ने सीधे परीक्षा कक्ष में जाकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और छात्रों से संवाद करते हुए केन्द्राध्यक्ष को बिजली और पानी की व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया।

वहीं दूसरी ओर कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने परमहंस डिग्री कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिए

## अवध विश्वविद्यालय

- कुलपति ने शुचिता के साथ परीक्षा कराने का दिया निर्देश
- बीएड प्रवेश परीक्षा के कारण छह की परीक्षा अब 17 अगस्त को

कुलपति ने बारी-बारी से परीक्षा कक्ष में जाकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। परीक्षा के दौरान केन्द्राध्यक्ष को कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सख्ती के साथ करने की हिदायत दी और वहां के लैब का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे के संचालन की गहन पड़ताल की। इसी क्रम में विश्वविद्यालय की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षकों ने भी निरीक्षण किया।

# अमर उजाला माईसिटी, अयोध्या

दिनांकः 28 जुलाई, 2021 पृष्ठ संख्याः 01

बीएड प्रवेश परीक्षा

कुलपति ने दो परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्था का लिया जायजा

## छह अगस्त की परीक्षा अब 17 को होगी

संवाद न्यूज एजेंसी

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने मुख्य परीक्षा के छठें दिन मंगलवार को प्रथम पाली में अयोध्या के दो परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने बताया है कि बीएड परीक्षा के कारण 6 अगस्त को होने वाली परीक्षा अब 17 अगस्त को होगी। इसके साथ ही छठवें दिन की परीक्षा में 1144 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

**परीक्षा में अनुपस्थित रहे 1144 विद्यार्थी**

कुलपति ने साकेत पीजी कॉलेजमें निरीक्षण करते हुए सीधे परीक्षा कक्ष में जाकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और छात्रों से संवाद करते हुए केंद्र अध्यक्ष को बिजली और पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। वहीं दूसरी ओर परमहंस डिग्री कॉलेज का औचक निरीक्षण में परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिए कुलपति ने बारी-बारी से परीक्षा कक्ष में जाकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

परीक्षा के दौरान केंद्राध्यक्ष को कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सख्ती के साथ करने की हिदायत दी और वहां के लैब का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे के संचालन की पड़ताल की।



अयोध्या में परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण करते अवध विश्वविद्यालय के कुलपति। -संवाद

इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों ने सुल्तानपुर, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर एवं अमेठी में परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए नही पाया गया।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि छठवें दिन की मुख्य परीक्षा में कुल 34 हजार 453 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 1144 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में12 हजार 467 छात्र एवं 15 हजार 712 छात्राओं ने परीक्षा दी है। दूसरी पाली में दो हजार 685 छात्र एवं तीन हजार 589 छात्राएं परीक्षा में शामिल रही।

वही दूसरी ओर प्रथम पाली में 504 छात्र एवं 402 छात्राएं तथा दूसरी पाली में 107 छात्र एवं 131 छात्राएं अनुपस्थित रही। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि 6 अगस्त को बीएड प्रवेश परीक्षा होने के कारण उस दिन की सभी मुख्य परीक्षाएं कुलपति के निर्देश पर स्थगित की गई है।उ स दिन की परीक्षा अब 17 अगस्त को संशोधित परीक्षा कार्यक्रमानुसार होगी।

# कुटुंब जागरण, अयोध्या

दिनांकः 28 जुलाई, 2021 पृष्ठ संख्याः 02

## कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्था का लिया जायजा

**कुलपति ने परीक्षा केन्द्रों को शुचिता के साथ परीक्षा कराने का दिया निर्देश**
**बीएड प्रवेश परीक्षा के कारण 06 अगस्त की मुख्य परीक्षा अब 17 अगस्त को**

कुटुंब जागरण ब्यूरो
अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने मुख्य परीक्षा के छठें दिन आज 27 जुलाई, 2021 को प्रथम पाली में अयोध्या के दो परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया। साकेत पी0जी0 कॉलेज में निरीक्षण करते समय कुलपति प्रो0 सिंह ने सीधे परीक्षा कक्ष में जाकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और छात्रों से संवाद करते हुए केन्द्राध्यक्ष को बिजली और पानी की व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया। वहीं दूसरी ओर कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह द्वारा परमहंस डिग्री कॉलेज का औचक निरीक्षण किया गया। परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिए कुलपति ने बारी–बारी से परीक्षा कक्ष में जाकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। परीक्षा के दौरान केन्द्राध्यक्ष को कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सख्ती के साथ करने की हिदायत दी और वहां के लैब का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे के संचालन की गहन पड़ताल की। इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों ने सुल्तानपुर, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर एवं अमेठी में परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए नही पाया गया।



विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि छठें दिन की मुख्य परीक्षा में कुल 34 हजार 453 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 1144 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में 12 हजार 467 छात्र एवं 15 हजार 712 छात्राओं ने परीक्षा दी है। दूसरी पाली में 2 हजार 685 छात्र एवं 3 हजार 589 छात्राएं परीक्षा में शामिल रही। वही दूसरी ओर प्रथम पाली में 504 छात्र एवं 402 छात्राएं तथा दूसरी पाली में 107 छात्र एवं 131 छात्राएं अनुपस्थित रही। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि 6 अगस्त, 2021 को बी0एड0 प्रवेश परीक्षा होने के कारण उस दिन की सभी मुख्य परीक्षाएं कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर स्थगित की जाती है। उस दिन की परीक्षा अब 17 अगस्त, 2021 को संशोधित परीक्षा कार्यक्रमानुसार होगी।

# तरूण प्रवाह, लखनऊ

दिनांक: 28 जुलाई, 2021 पृष्ठ संख्या: 05

तरुण प्रवाह लखनऊ

# कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्था का लिया जायजा

## कुलपति ने परीक्षा केन्द्रों को शुचिता के साथ परीक्षा कराने का दिया निर्देश
## बीएड प्रवेश परीक्षा के कारण 06 अगस्त की मुख्य परीक्षा अब 17 अगस्त को

अयोध्या।

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने मुख्य परीक्षा के छठें दिन प्रथम पाली में अयोध्या के दो परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया। साकेत पी0जी0 कॉलेज में निरीक्षण करते समय कुलपति प्रो0 सिंह ने सीधे परीक्षा कक्ष में जाकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और छात्रों से संवाद करते हुए केन्द्राध्यक्ष को बिजली और पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। वहीं दूसरी ओर कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह द्वारा परमहंस डिग्री कॉलेज का औचक निरीक्षण किया गया। परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिए



कुलपति ने बारी–बारी से परीक्षा कक्ष में जाकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। परीक्षा के दौरान केन्द्राध्यक्ष को कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सख्ती के साथ करने की हिदायत दी और वहां के लैब का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे के संचालन की गहन पड़ताल की। इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों ने सुल्तानपुर, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर एवं अमेठी में परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए नही पाया गया।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि छठें दिन की मुख्य परीक्षा में कुल 34 हजार 453 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 1144 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में 12 हजार 467 छात्र एवं 15 हजार 712 छात्राओं ने परीक्षा दी है। दूसरी पाली में 2 हजार 685 छात्र एवं 3 हजार 589 छात्राएं परीक्षा में शामिल रही। वही दूसरी ओर प्रथम पाली में 504 छात्र एवं 402 छात्राएं तथा दूसरी पाली में 107 छात्र एवं 131 छात्राएं अनुपस्थित रही। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि 6 अगस्त, 2021 को बी0एड0 प्रवेश परीक्षा होने के कारण उस दिन की सभी मुख्य परीक्षाएं कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर स्थगित की जाती है। उस दिन की परीक्षा अब 17 अगस्त, 2021 को संशोधित परीक्षा कार्यक्रमानुसार होगी।

मोहनधारा, अमेठी

दिनांक: 28 जुलाई, 2021 पृष्ठ संख्या: 12

# कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्था का लिया जायजा

## कुलपति ने परीक्षा केन्द्रों को शुचिता के साथ परीक्षा कराने का दिया निर्देश
## बीएड प्रवेश परीक्षा के कारण 06 अगस्त की मुख्य परीक्षा अब 17 अगस्त को



मोहन धारा संवाददाता

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने मुख्य परीक्षा के छठें दिन आज 27 जुलाई, 2021 को प्रथम पाली में अयोध्या के दो परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया। साकेत पी0जी0 कॉलेज में निरीक्षण करते समय कुलपति प्रो0 सिंह ने सीधे परीक्षा कक्ष में जाकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और छात्रों से संवाद करते हुए केन्द्राध्यक्ष को बिजली और पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। वहीं दूसरी ओर कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह द्वारा परमहंस डिग्री कॉलेज का औचक निरीक्षण किया गया। परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिए कुलपति ने बारी–बारी से परीक्षा कक्ष में जाकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। परीक्षा के दौरान केन्द्राध्यक्ष को कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन सख्ती के साथ करने की हिदायत दी और वहां के लैब का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे के संचालन की गहन पड़ताल की। इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों ने सुल्तानपुर, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर एवं अमेठी में परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए नही पाया गया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि छठें दिन की मुख्य परीक्षा में कुल 34 हजार 453 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 1144 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में 12 हजार 467 छात्र एवं 15 हजार 712 छात्राओं ने परीक्षा दी है। दूसरी पाली में 2 हजार 685 छात्र एवं 3 हजार 589 छात्राएं परीक्षा में शामिल रही। वही दूसरी ओर प्रथम पाली में 504 छात्र एवं 402 छात्राएं तथा दूसरी पाली में 107 छात्र एवं 131 छात्राएं अनुपस्थित रही। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि 6 अगस्त, 2021 को बी0एड0 प्रवेश परीक्षा होने के कारण उस दिन की सभी मुख्य परीक्षाएं कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर स्थगित की जाती है। उस दिन की परीक्षा अब 17 अगस्त, 2021 को संशोधित परीक्षा कार्यक्रमानुसार होगी।